भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 881
(दिनांक 04.02.2026 को उत्तर देने के लिए)

ओडिशा में प्रसारण अवसंरचना में बजटीय सहायता और उसका विस्तार

881. श्री सुकान्त कुमार पाणिग्रहीः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2026-27 के लिए ओडिशा राज्य में प्रसार भारती/दूरदर्शन केन्द्रों और रेडियो मुस्कान सहित सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के लिए किए गए बजट आवंटन का ब्यौरा क्या है;

(ख) सहायक सामुदायिक रेडियो आंदोलन सहित योजनाओं के अंतर्गत किए गए नए एफएम ट्रांसमीटरों, डिजिटल उन्नयन की पहल और कुई जैसी जनजातीय भाषाओं में विषय-वस्तु के निर्माण का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2025-26 के दौरान कंधमाल जिले सहित ओडिशा में कितने सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को सहायता प्रदान की गई है और प्रदान किए गए उपकरण अनुदान और क्षमता निर्माण अथवा प्रशिक्षण का ब्यौरा क्या है; और

(घ) ग्रामीण सशक्तिकरण, सरकारी योजनाओं के बारे में जन जागरूकता और समावेशी संचार के लिए कंधमाल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के दूरदराज के क्षेत्रों में डिजिटल और रेडियो प्रसारण कवरेज में कमियों को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने का विचार है?

उत्तर
सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री
(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (घ) : प्रसार भारती की प्रसारण अवसंरचना के विकास, आधुनिकीकरण एवं उन्नयन हेतु प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) स्कीम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष

2026-27 के लिए 509.24 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है। इसके अलावा, भारत में सामुदायिक रेडियो अभियान को सहायता (सीआरएस) स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए 8 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है।

सरकार ने 2021-26 के लिए बीआईएनडी स्कीम के अंतर्गत देश भर में 68 नए आकाशवाणी एफएम ट्रांसमीटरों की स्थापना की संस्वीकृति दी है। ओडिशा में आकाशवाणी के डिजिटल उन्नयन में बोनाईगढ़ (1 किलोवाट) और बालेश्वर (5 किलोवाट) में नए एफएम ट्रांसमीटर लगाना, बारीपदा, भवानीपटना और संबलपुर में एफएम ट्रासंमीटरों का 5 किलोवाट से 10 किलोवाट में उन्नयन और रायरंगपुर में 1 किलोवाट से 5 किलोवाट में उन्नयन शामिल है।

आकाशवाणी, ओडिया और संथाली सहित 23 भाषाओं में और कुई जैसी जनजातीय बोलियों सहित 182 बोलियों में कार्यक्रम प्रसारित करता है। ओडिशा के कालाहांडी जिले में स्थित आकाशवाणी का मुख्य चैनल यथा भवानीपटना, कुई बोली सहित जनजातीय गीतों और कार्यक्रमों का प्रसारण करता है।

''भारत में सामुदायिक रेडियो अभियान को सहायता'' स्कीम के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ओडिशा में 4 सीआरएस अर्थात् रेडियो स्वाति, रेडियो अदार, रेडियो उत्कल और रेडियो ढेंकनाल को सहायता दी गई है । इन्हें एफएम ट्रांसमीटर, ऑडियो रिकॉर्डर, ऑडियो प्रोसेसर और स्टूडियों अवसंरचना जैसे उपकरणों की खरीद के लिए 36,67,246 रूपये के अनुदान प्रदान किए गए हैं।

आकाशवाणी देशभर में 591 प्रसारण केंद्रों का संचालन करता है, जिनमें कंधमाल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के बालीगुडा और फूलबनी में स्थित 2 एफएम रिले स्टेशन शामिल हैं।

उपयोगकर्ताओं को उनके मोबाइल डिवाइस पर किसी भी समय और स्थान पर क्षेत्रीय और राष्ट्रीय सामग्री उपलब्ध कराने के लिए की गई कुछ नई पहल इस प्रकार है:-

- प्रसार भारती का ओटीटी प्लेटफॉर्म 'वेव्स' 2024 में लांच किया गया
    - बहु-विधा डिजिटल स्ट्रीमिंग एग्रीग्रेटर प्लेटफॉर्म जो कई भारतीय भाषाओं में इंफोटेनमेंट सामग्री देता है।
    - दूरदर्शन और आकाशवाणी नेटवर्क के कई चैनल इस प्लेटफॉर्म में एकीकृत किए गए हैं।
- डीडी फ्री डिश (फ्री-टू-एयर डायरेक्ट -टू-होम)

    - 2019 में 104 चैनलों से बढ़कर वर्तमान में 510 चैनल की उल्लेखनीय वृद्धि
    - दूरदर्शन चैनलों के अलावा प्राइवेट और शैक्षणिक टी वी चैनल शामिल है।
    - 48 आकाशवाणी रेडियो चैनल
- न्यूज एऑनएयर एप्प
    - आकाशवाणी के 260 से अधिक लाइव रेडियो चैनलों की स्ट्रीमिंग

****